वर्ष- 02 अंक- 64
छपरा
12 जनवरी, रविवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

## सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : पीएम मोदी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर एक पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, हम चाकर रघुवीर के... जय श्री राम

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पीएम मोदी के पोस्ट को दोबारा शेयर किया। उन्होंने लिखा, असंख्य राम भक्तों को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

बता दें कि रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 11 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है।

तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में वीवीआईपी पास निरस्त रहेंगे। इसके अलावा दर्शन करने का समय भी बढ़ा दिया गया है।

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय समारोह के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ रामलीला भी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कुबेर टीला पर भक्तों को संबोधित करेंगे, जिसके बाद संगीत और भक्ति कार्यक्रमों की एक श्रृंखला होगी।

मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार महोत्सव में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान के संत और अयोध्या के 100 से अधिक स्थानीय संत वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे।

## असम खदान हादसा, छठे दिन 3 शव मिले

### 5 मजदूर अब भी 300 फीट गहरी खदान में फंसे



**दीमा हसाओ,एजेंसी।** असम के दीमा हसाओ जिले में 300 फीट गहरी कोयला खदान से शनिवार को तीन शव निकाले गए। इनमें एक सुबह और दो दोपहर में मिले। अब तक चार मजदूरों के शव मिल चुके हैं।

इनमें से 2 की पहचान नहीं हो सकी है। शनिवार सुबह 27 साल के लिजान मगर का शव पानी पर तैरता मिला था। वह दीमा हसाओ के कलामती गांव नंबर 1 का निवासी था। इससे पहले बुधवार को नेपाल के रहने वाले गंगा बहादुर श्रेठ का शव मिला था। NDRF की टीम शनिवार सुबह पानी का लेवल चेक करने गई थी, तभी उन्हें लिजान मगर का शव तैरता दिखा। उसे सुबह करीब 7:30 बजे बाहर निकाला गया। खदान में पानी का लेवल 6 मीटर कम हो गया है। 5 पंप से रात भर पानी निकाला गया।।

## किसान नेता डल्लेवाल की मेडिकल रिपोर्ट जारी, हालत नाजुक

### एक मंच पर आ सकते हैं सभी किसान संगठन

**चंडीगढ़,एजेंसी।** खनोरी बॉर्डर पर पिछले 47 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की मेडिकल रिपोर्ट शनिवार देर शाम सार्वजनिक कर दी गई। किसान नेताओं ने मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद संघर्ष तेज करने का ऐलान करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रिपोर्ट को देखते हुए डल्लेवाल की हालत दिन-प्रतिदिन और भी ज्यादा बिगड़ती जा रही है। हालिया मेडिकल रिपोर्ट में उनका कीटोन बॉडी रिजल्ट 6.53 आया, जो साधारण हालात में 0.02 से 0.27 के बीच में होना चाहिए। उनका यूरिक एसिड 11.64 है, जो साधारण हालात में 3.50 से 7.20 के बीच मे होना चाहिए। बिलीरुबिन डायरेक्ट 0.69 है, जो साधारण हालात में 0.20 से कम होना चाहिए। टोटल प्रोटीन भी नार्मल हालात के मुकाबले काफी कम है। उनके शरीर में सोडियम, पोटैशियम एवं क्लोराइड भी काफी कम है। लिवर-किडनी पैनल, सीरम रिपोर्ट का रिजल्ट 1.67 है, जो साधारण हालात में 1.00 से कम होना चाहिए।

## महाकुंभ में दान दी गई बच्ची का संन्यास वापस

### महंत 7 साल के लिए अखाड़े से निष्कासित



**प्रयागराज,एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ में दीक्षा लेने वाली 13 साल की लड़की का संन्यास 6 दिन में ही वापस हो गया। दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरि को जूना अखाड़े से 7 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने नाबालिग को गलत तरीके से शिष्य बनाया था। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक हरि गिरि महाराज ने कहा- यह अखाड़े की परंपरा नहीं रही है कि किसी नाबालिग को संन्यासी बना दें। इस मुद्दे पर बैठक कर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। माता-पिता के साथ कुंभ आई थी नाबालिग लड़की आगरा की रहने वाली है। वह 5 दिसंबर को परिवार के साथ महाकुंभ आई थी। नागाओं को देखकर उसने संन्यास लेने का फैसला किया। परिवार के साथ घर जाने से मना कर दिया था।

## भाजपा का घोषणा पत्र आप-दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं, हम जो कहते हैं वो करते हैं: अमित शाह



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को पार्टी के झुग्गी बस्तीवासी सम्मेलन में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर बरसे। शाह ने कहा कि भाजपा ने झुग्गी वासियों के दर्द, असुविधा और वादे तोड़ने के खिलाफ गुस्से को सुना है। इन सभी समस्याओं की एक सूची बनाकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी गई है। हमारा घोषणा पत्र आपको आपकी सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाएगा। भाजपा का घोषणा पत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। भाजपा का घोषणा पत्र आप-दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं है, हम जो कहते हैं वो करते हैं। भाजपा एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देगी, ये मोदी की गारंटी है।

अमित शाह ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में कहा कि 5 फरवरी वह दिन है जब दिल्लीवालों को आप-दा से मुक्ति मिलेगी। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया, उन्होंने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आम आदमी पार्टी दिल्ली के लिए आप-दा बन गई है लेकिन केजरीवाल आम आदमी पार्टी के लिए आप-दा बन गए हैं। दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को गंदा पानी मिल रहा है। झुग्गियों में रहने वाले लोग हमसे पूछ रहे हैं कि दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर क्यों है। केजरीवाल को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में क्या किया है? केजरीवाल अगर आप कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो आपको सरकार छोड़ देनी चाहिए, सारा फायदा भाजपा देगी। केजरीवाल अकेले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया।शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं। हमने वादा किया कि अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे, हमने प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनवाया। हमने कहा था कि अनुच्छेद 370 हटाएंगे, जिसे समाप्त भी कर दिया। एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देने का काम भाजपा करेगी। ये मोदी की गारंटी है।

हमने 10 साल में गरीब कल्याण के सारे काम जमीन पर उतारे।

## केजरीवाल का दावा- बिधूड़ी होंगे भाजपा के मुख्यमंत्री उम्मीदवार, दी बहस की चुनौती



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार को खुली बहस की चुनौती दी है। अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि उन्हें सूत्रों से पता चला है कि भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की हाल ही में हुई बैठक में भाजपा ने सांसद रहे रमेश बिधूड़ी के नाम पर मुहर लगाई है। वे दिल्ली में पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। केजरीवाल ने उन्हें बधाई दी और कहा कि रमेश बिधूड़ी के नाम की एक-दो दिन में घोषणा हो सकती है। वे उनसे जानना चाहते हैं कि दिल्ली के बारे में उनका एजेंडा क्या है और नीतियां क्या होंगी? वे उन्हें खुली बहस के लिए चुनौती देते हैं कि वे जनता के मुद्दों पर बहस करें।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी इसी तरह के कयास लगाए थे और कहा था कि भाजपा रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाने जा रही है। बिधूड़ी दक्षिणी दिल्ली से सांसद रहे हैं और हाल ही में उन्हें कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा का टिकट मिला है।

## नई दिल्ली सीट की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर की जा रही गड़बड़ी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। शनिवार को लिखी चिट्ठी में अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा के केंद्रीय मंत्री और सांसद अपने घर के पते पर फर्जी वोट बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के पते पर 33 नए वोट बनने की एप्लिकेशन दी गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि फर्जी वोट बनवाने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। साथ ही, अगर यह भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की मर्जी से हुआ है तो तुरंत उनको चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाए। केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखी चिट्ठी में कहा है कि मैं आपको बड़ी चिंता के साथ लिख रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में जानबूझकर छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि आगामी चुनावों की निष्पक्षता को प्रभावित किया जा सके।

## योगी बोले :कमजोर होंगे तो अंजाम धर्मस्थल भुगतेंगे

### बहन-बेटियां भुगतेंगी; रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ में शामिल हुए





**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ में सीएम योगी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- किन कारणों से हमारे पूज्य आराध्य देव स्थल अपमानित हो रहे थे। अगर हम जाति के नाम पर विभाजित रहेंगे तो इस तरह की अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। हम कमजोर होंगे तो इसका खामियाजा हमारे पूज्य धर्म स्थलों को भुगतना होगा। बहन-बेटियों को भुगतना होगा।

सीएम योगी ने कहा- रामजन्मभूमि का आंदोलन, एक सार्थक लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। अब अयोध्या में आने पर त्रेता युग का अहसास होता है। एक-दो साल में राम जन्मभूमि परिसर अपने भव्य रूप में होगा। ये आध्यात्म और धर्म के सबसे वैभवशाली धाम के रूप में विकसित हो रहा है।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर विशेष पूजा हुई। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत अभिषेक किया। पहले दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया, फिर गंगाजल से नहलाया।

इसके बाद रामलला का श्रृंगार किया गया। उन्हें पीतांबर वस्त्र पहनाए गए। इसमें सोने के तारों से बुनाई की गई है। उनके मुकुट में हीरा जड़ा है। सीएम योगी ने भी रामलला की पूजा-अर्चना की। दिल्ली, हिमाचल समेत 10 राज्यों से लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे। राम मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया गया है। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। यहां पर 5 हजार श्रद्धालु रामकथा सुनेंगे।

## 5 साल में 60+ लोगों ने यौन शोषण किया

### युवती का दावा13 साल की उम्र में पहली बार दुर्व्यवहार हुआ

**कोच्चि,एजेंसी।** केरल में एक 18 साल की एथलीट ने दावा किया है कि पिछले 5 साल में 60 से ज्यादा लोगों ने उसका यौन शोषण किया। मामलें में अब तक 40 लोगों की पहचान हो गई है, जबकि पुलिस ने अब तक 15 को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले के दो पुलिस थानों में पांच FIR दर्ज करने के बाद शुक्रवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद शनिवार को 9 अन्य को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में युवती के कोच, क्लासमेट और घर के आसपास रहने वाले लोग शामिल हैं।

पीड़िता के स्कूल ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को उसके व्यवहार में बदलाव के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद उसकी साइकॉलोजिकल काउंसलिंग के दौरान पूरा मामला? सामने आया। पीड़िता ने बताया कि जब वह 13 साल की थी, तब उसके एक पड़ोसी ने उसके साथ पहली बार पोर्नोग्राफिक मटेरियल शेयर किया था। ट्रेनिंग सेशन के दौरान भी यौन शोषण हुआ युवती ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह स्कूल टाइम में स्पोर्ट्स एक्टिविटी में शामिल होती थी। ट्रेनिंग सेशन के दौरान भी उसके साथ कई बार यौन शोषण किया गया था। उसके कुछ वीडियो भी सर्कुलेट हुए थे। इससे उसका मनोबल टूट चुका था।

## कैग की रिपोर्ट पर भाजपा ने आआपा पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- शराब नीति से हुआ 2026 करोड़ रुपये का राजस्व का घाटा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर शराब नीति के कारण 2,026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान होने का आरोप लगाया है।

शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि वे दिल्ली में पाठशाला बनाएंगे लेकिन इन्होंने मधुशाला बना दी। शराब नीति के कारण दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान हुआ। इसके कारण जांच हुई और आम आदमी पार्टी के आठ मंत्री, 15 विधायक जेल गए। इसलिए आप-दा को दिल्ली से जाना बेहद जरूरी है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शराब घोटाले पर सीएजी द्वारा 10 मुख्य मुद्दों की जांच रिपोर्ट से साफ़ है कि इनकी सरकार भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबी हुई है। केजरीवाल को बताना चाहिए कि दिल्ली प्रदेश को 2026 करोड़ रुपये की राजस्व हानि हुई तो उस हानि का मुनाफा किसे हुआ? दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने पाठशाला बनाने की बात कहकर जगह-जगह मधुशाला खुलवा दी।

सीएजी के 10 मुख्य मुद्दों की जांच रिपोर्ट के अनुसार आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली शराब घोटाले की वजह से 2,026 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।

सीएजी रिपोर्ट के निष्कर्षों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि शराब घोटाले के किंगपिन अरविंद केजरीवाल ही हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट के निष्कर्षों में शराब नीति के उद्देश्यों से विचलन के साथ विशेषज्ञ पैनल द्वारा दिए गए सुझावों को नजरअंदाज करना शामिल है। इसके साथ शिकायतों के बाद भी बोली लगाई गई, लाइसेंस जारी करने में नियमों का उल्लंघन किया गया, नियमों के उल्लंघन करने वालों को सजा नहीं दी गई। मूल्यनिर्धारण में पारदर्शिता नहीं बरती गई और एक्सपर्ट कमेटी और कैबिनेट की अनुमति नहीं ली गई। इसलिए शराब घोटाले का किंगपिन केजरीवाल है। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल की रिपोर्ट नहीं है बल्कि कैग की रिपोर्ट है।

## तमिलनाडु गवर्नर को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु के राज्यपाल को हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। जिसमें राष्ट्रपति के सचिव और अन्य को उन्हें टीएन रवि को वापस बुलाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि रवि ने राज्यपाल के दायित्वों का पालन नहीं किया और लगातार संविधान का उल्लंघन किया है। याचिका लगाने वाले एडवोकेट सीआर जया सुकिन ने कहा- राज्यपाल 6 जनवरी को अपना पारंपरिक संबोधन दिए बिना ही विधानसभा से चले गए। राज्यपाल ने संबोधन की शुरुआत में राष्ट्रगान बजाने कहा था, जबकि ऐसा आदेश देना उनका कर्तव्य नहीं है।

दरअसल, 6 जनवरी से शुरू हुए तमिलनाडु विधानसभा सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने बिना संबोधन के वॉकआउट कर दिया था। जिसका राज्य के ष्टरू समेत अन्य मंत्रियों ने भी विरोध किया। स्टालिन ने यह भी कहा था कि यह बचकाना और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन है।

## प्रधानमंत्री मोदी कल जम्मू-कश्मीर में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना, बहुप्रतीक्षित जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के लिए जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, मैं सुरंग के उद्घाटन के लिए जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग की अपनी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। आपने पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए इसके लाभों की सही बात कही है। साथ ही, हवाई तस्वीरें और वीडियो भी बहुत पसंद आए।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज अपने सोनमर्ग दौरे की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ÷प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोमवार को होने वाली यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज सोनमर्ग का दौरा किया। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन से सोनमर्ग पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा, सोनमर्ग अब एक बेहतरीन स्की रिसॉर्ट के रूप में विकसित होगा। स्थानीय लोगों को सर्दियों में बाहर नहीं जाना पड़ेगा और श्रीनगर से कारगिल-लेह तक की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग का दौरा करेंगे। वे सुबह करीब 11:45 बजे सोनमर्ग सुरंग का दौरा करेंगे और उसके बाद उसका उद्घाटन करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि, सेना चला रही तलाशी अभियान



**जम्मू,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास शनिवार को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना ने तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान अभी चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने आज जोगीवान में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि देखी है जिनके आतंकवादी होने का संदेह है और उन्होंने इसकी सूचना पास के सैन्य शिविर को दी। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने तुरंत गांव और आसपास के वन क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और गहन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि अभी तक संदिग्ध व्यक्तियों का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में फिलहाल तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है। पिछले साल 28 और 29 अक्टूबर को अखनूर सेक्टर में दो दिवसीय अभियान में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन के बड़ी संख्या में आधुनिक हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया

# त्वरित कारवाई : व्यवसाई से भय दिखाकर 32 लाख रुपए उगाही में थानाध्यक्ष निलंबित, गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मकेर थाना क्षेत्र के रेवाघट पुल समीप एक व्यवसायी से थानाध्यक्ष एवम वाहन चालक द्वारा भय दिखाकर जबरन वसूली किया गया। जिसको लेकर व्यवसायी रोहन गुप्ता ने सारण एसपी को आवेदन दिया।

जिसमें बताया गया कि 64 लाख रुपये लेकर मुजफ्फरपुर जा रहे थे, उसी क्रम में मकेर थाना अध्यक्ष रविरंजन कुमार एवम चालक अनिल कुमार सिंह द्वारा दो थैला रुपये था, उसे जबरन मारपीट कर एक थैला का 32 लाख रुपये लेकर चलते बने और एक थैला वापस दे दिए। लाख कहने के बाद भी नहीं वापस किए। उन्होंने छपरा सारण एसपी कुमार आशीष से बात बताई।एसपी ने त्वरित कारवाई करते हुए मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान को आरोपों के जांच का जिम्मा सौंपा। जांच के क्रम में एसडीओपी श्री पासवान ने राशि बरामद कर थाना अध्यक्ष को हिरासत में लेकर शाम में जिला पुलिस मुख्यालय चले गए। घटना क्रम में चालक अनिल कुमार


घटना की जानकारी देते सारण एसपी डॉ.कुमार आशीष

सिंह उसी समय से फरार हो गये थे, जबकि रविरंजन कुमार थाना में मौजूद थें। रुपये 32 लाख उगाही करने मारपीट कर धमकी देने सहित अन्य आरोप के तहत उन दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मकेर थाना में कांड संख्या 05/ 25 के तहत दर्ज प्राथमिकी की अनुसंधान जारी है।

**सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने दी जानकारी:** इस संबंध में सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक-100125 को रोहन कुमार, पिता-स्व0 राजकुमार गुप्ता, सा0-छपरा रौजा, थाना-नगर, जिला-सारण के द्वारा सूचना दी गई कि वह कारोबार के सिलसिले में 64 लाख रू लेकर मुजफ्फरपुर जा रहे थे। इसी क्रम में रेवा घाट से 01 किमी पहले मकेर थाना की गाड़ी द्वारा ओवरटेक कर इन्हे रोक लिया गया तथा कार में शराब की सूचना होने की बात बताकर कार चेक करने लगे। चेकिंग के क्रम में थैला में रखे रूपया को थैला सहित अपने पुलिस वाहन में रख लिये और उनके एवं उनके साथी को गाँव के तरफ ले गए और धमकी देते हुए बोले कि तुमलोगों को गाँजा एवं शराब के केस में फंसा देगें तथा 01 थैला जिसमें 32 लाख रू था, उसे अपने पास रखकर 01 थैला इन्हें वापिस कर दिया गया।उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना का संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा से इसकी जांच करायी गई एवं जांचोपरांत घटना सत्य पाते हुए इसमे संलिप्त थानाध्यक्ष मकेर थाना पु0अ0नि0 रविरंजन कुमार को पुलिस हिरासत में लिया गया है तथा गृह चालक अनिल कुमार सिंह की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।इस संबंध में वादी रोहन कुमार के फर्दब्यान के आधार पर दर्ज कांड मकेर थाना कांड सं0- 05/25, दिनांक 100125, धारा-126 (2)/127 (2) /115(2)/308(2)/308 (5)/3 (5)बी0एन0एस0 का अनुसंधान प्रारंभ करते हुए 32 लाख रू बरामद कर लिया गया है।

## मशरक में रास्ते पर जमें अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बली विशुनपुरा और जजौली गांव में घर से निकलने वाले रास्ते पर जमें अतिक्रमण को सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण को हटवाया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि बली विशुनपुरा और खजुरी गांव में दो घरों के आगे आने जाने वाले रास्ते पर करकटनुमा फुसनुमा पलानी और मवेशी खिलाने वाला नाद व भूसा रखनें की बेढ़ी को हटाया गया। जो जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया।

## अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन से रेल पुलिस ने किया गांजा बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेल पुलिस ने सोनपुर-छपरा रेल खंड मे दिघवारा स्टेशन से जैसे ही अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन आगे बढ़ी वैसे ही बोगी के जांच पड़ताल केदौरान बोगी मे बंडल में रखे हुए गांजा को शनिवार को बरामद किया है। उक्त बात केजनकारी देते हुए रेल थानाध्यक्ष ने शनिवार को बताया कि गाड़ी संख्या 15909 अप 15910 डॉ अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन के मार्गरश्रण पाटी के द्वारा ट्रैन केबोगी केजांच पड़ताल केदौरान ट्रैन केएक बोगी मे रखे एक पिट्टू बैग में ब्राउन टेप से लपेटा हुआ गांजा का बंडल बरामद किया गया जिसकी वजन 127 किलोग्राम रेल थाना सोनपुर ने बरामद किया है।

## मशरक राजा पट्टी मुख्य सड़क पर गिरा विशालकाय पेड़

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक राजा पट्टी मुख्य सड़क पर मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में सूखा विशालकाय पीपल का पेड़ मुख्य सड़क पर ही अचानक भड़भड़ा कर गिर पड़ा। जिससे मुख्य सड़क पर आवागमन ठप्प हो गया। वहीं उसी सड़क से आने जाने वाले लोगों और पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीणों ने भाग कर जान बचाई। वहीं ग्रामीणों के सहयोग पेड़ की छोटी छोटी ढाली हटा आवागमन चालू कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पीपल का विशालकाय पेड़ अचानक सड़क पर ही गिर पड़ा। वन विभाग को सूचना दी गई है।

## बाइक सवार की टक्कर से महिला सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मगुरहा नहर पर अनियंत्रित बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल महिला की पहचान मगुरहा गांव निवासी किताबुद्दीन साह की 52 वर्षीय पत्नी तमन्ना बीबी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि महिला पैदल घर जा रहीं थीं उसी दौरान बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

## नंदलाल सिंह कालेज में एक साथ नामांकन फार्म भरने व आंतरिक परीक्षा शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर-दाउदपुर में एक साथ नामांकन, फार्म भरने व आंतरिक परीक्षा शुरू होने से चहल-पहल एवं रौनक बढ़ गई है। छात्र- छात्राओं की मौजूदगी बढ़ने से कालेज परिसर गुलजार दिख रहा है। प्राचार्य प्रो.डॉ केपी श्रीवास्तव व प्रो.डॉ आफताब आलम ने बताया कि फिलहाल स्नातक सत्र 2023- 27 के लिए सीबीसीएस कोर्स सेमेस्टर 2 में नामांकन एवं फार्म भरने का कार्य चल रहा है। साथ हीं सभी विषयों की आंतरिक परीक्षा भी ली जा रही है। जिससे विद्यार्थियों की चहल-पहल बढ़ गई है और देखकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से इंटरमीडिएट प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी संचालित की जाएगी। बता दें कि कालेज की नई चहारदीवारी व कई भवन के निर्माण होने, अनुकूल व्यवस्था व शैक्षणिक वातावरण बनने यहां डिग्री कालेज के परीक्षा केंद्र भी बनने लगे हैं। जिससे कालेज का महत्व और बढ़ गया है।

## पत्नी ने शराबी पति केखिलाफ थाना मे दी आवेदन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के पहलेजा शाहपुर दियारा की रहने वाली एक महिला ने अपने शराबी पति मिथिलेश महतो के खिलाफ सोनपुर थाने में गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने अपने बयान में पति पर शराब के नशे में मारपीट, गहने बेचने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है।शराब के नशे में मारपीट करता है। महिला ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उनके पति मिथिलेश महतो पिछले कई वर्षों से शराब का आदी है। नशे में वह न केवल उनके साथ बल्कि घर के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट करता है। महिला ने बताया कि जब उनके सास-ससुर झगड़े को शांत कराने आते हैं, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की जाती है।

## इसुआपुर पुलिस ने 160 लीटर देशी शराब किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** थाना क्षेत्र के सहवां- सलेमपुर मार्ग से इसुआपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात दो बोरे में बंद 160 लीटर देशी शराब बरामद किया।हालांकि कारोबारी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। जानकारी के अनुसार पुलिस गश्ती गाड़ी सहवां सलेमपुर मार्ग पर जा रही थी कि उसी समय टीवीएस एक्सएल 100 मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति दो बोरे में 160 लीटर देशी शराब लेकर जा रहा था। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल बरामद कर थाने ले आई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमल राम व पुलिस बल थी।

## आतंकवादियों को मारने वाले शिक्षिका पुत्र मेजर गौरव को मिला सेना मेडल



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सारण के लाल को सम्मानित किया गया है।मेजर गौरव भारद्वाज को अदम्य साहस और वीरता के लिए सेना मेडल से नवाजा गया। दिल्ली में करिअप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने सेना मेडल गैलेंट्री प्रदान किया। छपरा शहर के रामकृष्ण पुरी मोहल्ला के रहने वाले स्व राजेश्वर प्रसाद व पूर्व प्राचार्या विभा पाठक के इस वीर पुत्र को सेना मेडल से सम्मानित होने पर सारण के लोगों ने खुशी जताई है। जिला मुख्यालय से सटे रिविलगंज के प्रभुनाथ उच्च विद्यालय देवरिया की प्राचार्या रह चुकी विभा पाठक ने कहा कि बेटा ने अपने साहसिक कार्यों से सारण के लोगों को गौरवान्वित किया है। युवा सैन्य अधिकारी मेजर गौरव की प्रारंभिक शिक्षा सारण में हुई थी। कक्षा पांच के बाद उनका चयन सैनिक स्कूल में हुआ था। सैनिक स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद यूपीएससी के माध्यम से गौरव भारद्वाज का चयन एनडीए में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ था।मालूम हो कि 23 सितंबर 2023 को जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों ने बहुत बड़ा हमला कर कुछ सैनिकों को मार गिराया था। इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन का नेतृत्व मेजर गौरव भारद्वाज ने किया और हमले में शामिल सभी आतंकवादियों को मार गिराया। सेना मेडल से सम्मानित होने के बाद मेजर गौरव भारद्वाज ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि सारण के लोगों का है। सम्मान समारोह के मौके पर उपस्थित उनकी डॉक्टर पत्नी गार्गी भारद्वाज ने अपनी पति के वीरता की मुक्त कंठ स सराहना की है।

## पुलिस ने युवक किया बेरहमी से पिटाई , पुलिस अधीक्षक के यहां पीड़ित ने दिया आवेदन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी थाना क्षेत्र के विशंभपुर गांव निवासी चुनमुन देवी के पुत्र अनुराग ठाकुर को डेरनी पुलिस द्वारा पकड़ कर पिटाई की आरोप लगाई गई हैं।इस बात को लेकर चुनमुन देवी ने पुलिस अधीक्षक के यहां आवेदन दिया है। आवेदन में जिक्र किया है कि पुलिस ने रात्रि में घर से मेरे पुत्र को उठाकर थाने लेकर गई। वहां ले जाकर मेरे पुत्र अनुराग को बेरहमी से पिटाई की गई ।अगले दिन परिवार के सदस्य व स्थानीय पंचायत के मुखिया तथा सरपंच प्रतिनिधि के साथ थाना पहुंची तो वहां भी थानाध्यक्ष के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया वही इनलोगों ने थानाध्यक्ष से अपने पुत्र को क्यों गिरफ्तार किया इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने कोई कारण नहीं बताया और इनके पुत्र को छोड़ दिया। इसके बाद चुनमुन देवी ने अपने पुत्र शरीर पर चोट की निशान देखी तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के उपरांत चुनमुन देवी ने पुलिस अधीक्षक सारण के यहां आवेदन देकर जांच कर करवाई की मांग की है।

## बालू तस्करों ने सोनपुर पुलिस पर किया हमला, दो घायल

### सोनपुर पुलिस ने एक जेसीबी व छः ट्रैक्टर किया जप्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के संबलपुर पूर्वी पंचायत केदियारा स्थित हस्ती टोला जगरनाथ घाट पर गुरुवार केशाम को पुलिस को सूचना मिली कि बालू खनन हो रही है. जहां थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में बालू खनन हो रहे स्थल पर पुलिस ने पहुंच गईपुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान 6 बालू लदे ट्रैक्टर,1 जेसीबी को पुलिस ने जप्त कर लिया. इस खबर की सुनते ही अवैध बालू तस्करों ने जप्त किए गए वाहनों को छुड़ाने की कोशिश की. जहां अंधेरे का फायदा उठाते हुए बालू कारोबारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया.

इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन को थाना ले आयी। बालू करोबरियों व उनके समर्थको ने पुलिस पर हमला किया जिसमे पुलिस महेश यादव,अशोक कुमार घायल हो गएघायल पुलिसकर्मियों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर में इलाज कराया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने 35 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद से प्राथमिक की दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु छापामारी शुरू कर दी है.




अवैध कारोबार करने वाले लोगों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है फिर भी अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है.पुलिस पर हमला करना यह पहली बार नहीं है,आधे दर्जन इस तरह केघटना सोनपुर प्रखंड क्षेत्र मे हुई है कुछ समय पहले गंगाजल इलाके में भी बालू और शराब के अवैध कारोबार को रोकने के प्रयास में पुलिस पर हमला हुआ था.अपराधी प्रवृत्ति एवं उपद्रवियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन को इस समस्या से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है ताकि इस तरह के हमले रोकने और अवैध कारोबारियों पर काबू पाया जा सकेपुलिस द्वारा सख्त कदम उठाने के बावजूद, माफियाओं के दुस्साहस में कोई कमी नहीं आ रही है, जिससे जनता के बीच सुरक्षा की चिंता गहरी हो गई हैअवैध बालू खनन और माफिया गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को अब और भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है.

## बीडीसी की बैठक में मंदिर परिसर घेराबंदी का मुद्दा पूरे जोर शोर से उठा

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** सरकार द्वारा कब्रिस्तान की घेराबंदी करने के लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है पर मंदिरों के परिसर की घेराबंदी का कोई प्रावधान नही है। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित बीडीसी की बैठक में यह मुद्दा पूरे जोर शोर से उठाया गया तथा सदन में मौजूद विधायक द्वय से इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का आग्रह किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने किया जबकि संचालन उप प्रमुख मनोज सिंह ने किया। बैठक में मनरेगा, जनवितरण, बिजली,आंगनबाड़ी,स्वास्थ्य विभाग ,शिक्षा,जल-नल सहित विभिन्न अन्य विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों के साथ इसके सफल संचालन हेतु विस्तृत रूप से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने मनरेगा पीआरएस पर मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रखंड के सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केन्द्र,ओपन जिम तथा बेंच डेस्क लगाने की मांग की। वही एकमा विधायक श्रीकांत यादव ने बिजली की कटौती में सुधार करने तथा उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के एक माह पूर्व नोटिस निर्गत करने का विभाग को सख्त निर्देश दिया। वहीं मांझी के विधायक डॉ सत्येंद्र यादव ने कहा कि किसी भी योजना के गुणवत्ता में कोई कोताही नहीं चलेगा साथ ही इंदिरा आवास के लाभुकों के लिए मनरेगा जॉब कार्ड अनिवार्य है। इसी तरह प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने सरयुपार में स्थापित पुलिस पिकेट की जगह ओपी बनाने की मांग की। वहीं इनायतपुर पंचायत के लम्हारी गांव में विद्यालय खोलने की भी मांग की गई। बैठक में सबसे अधिक मनरेगा,जल-नल,पीडीएस आदि का मुद्दा छाया रहा। बैठक में बीडीओ रंजीत कुमार सिंह,थानाध्यक्ष अमित कुमार,महिला पर्यवेक्षिका रूपा कुमारी,मुखिया राजेश पाण्डेय, अभिषेक कुमार सिंह,माधुरी देवी,मुन्ना साह,कन्हैया साह सहित बीडीसी असलम अंसारी,लक्ष्मण यादव, सबिता तिवारी,संगीता देवी, दीपक चौधरी,अजय पाण्डेय,रेखा कुमारी, उमरावती देवी, बबिता देवी सहित अन्य कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## इसुआपुर थाना परिसर में सवा 42 लीटर शराब का किया गया विनष्टीकरण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को गढ़ा खोदकर 42250 लीटर देशी, विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। जिसमें देसी शराब 40 लीटर तथा विदेशी शराब 2250 लीटर था। मौके पर सीओ करुण करण,थानाध्यक्ष कमल राम व अपर थानाध्यक्ष अध्यक्ष थे।

## मशरक में काम से लौट रहा राजमिस्त्री बाइक दुर्घटना में घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में एन एच 227 ए राम जानकी मुख्य सड़क पर बाइक दुर्घटना में राजमिस्त्री घायल हो गए। घायल को इमरजेंसी 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गांव निवासी अफजल अली हैं । बताया गया कि राजमिस्त्री डुमरसन में काम कर बाइक से मशरक होकर इसुआपुर के डोईला गांव जा रहा था कि चैनपुर में बाइक दुर्घटना में घायल हो गया।

## मशरक मे सीओ व थानाध्यक्ष की मौजूदगी में लगा जनता दरबार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में को जनता दरबार का आयोजन सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें भूमी विवादों की सुनवाई की गयी मौके पर अंचल निरीक्षक अनिल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों की भूमी संबधी विवादों के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें नया 15 मामला दर्ज कराया गया जिसे जांच के लिए और विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत करने को रजिस्टर्ड कर लिया गया वहीं पहले से 42 मामला लंबित था जिस पर सुनवाई करते हुए 8 मामले का निष्पादन कर दिया गया। वहीं बचें मामले का अगले जनता दरबार में सुनवाई कर निष्पादन किया जाएगा।

## इसुआपुर के बंगरा शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना पर पहुंचे सारण डीएम और एसपी

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के भकुरा भिठी- शिवगंज मुख्य सड़क के बंगरा गांव स्थित शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना का निरीक्षण करने सारण के डीएम अमन समीर और सारण एसपी डॉ कुमार आशीष भी शनिवार को घटनास्थल पहुंचे। वहां स्थानीय लोगों से पूछताछ किया। वहीं स्थिति से अवगत हो अज्ञात असामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराई गई। मालूम हो कि बंगरा गांव स्थित शिव मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग तथा अन्य मूर्तियों को शुक्रवार को असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ किया गया था। लोगों ने डीएम और एसपी से कहा कि इस तरह की धार्मिक स्थल के साथ तोड़फोड़ की घटना पहले कभी नहीं हुई थी। वहीं डीएम ने लोगों से कहा कि यह मंदिर अगर ट्रस्ट के माध्यम से बनाया गया होता तो इसकी घेराबंदी करा दी जाती। जिससे असमाजिक व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित हो जाता। घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों का पता लगाकर शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की। इस मौके पर स्थानीय रामचौरा पंचायत के मुखिया संजय रजक, नितेश सिंह, पूर्व मुखिया नागेंद्र तिवारी, चंद्रिका राय, संजय सिंह कुशवाहा, स्थानीय सरपंच पति विजय सिंह, देव कुमार मांझी, रमन श्रीवास्तव, भीम कुमार, उदय सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में लोग थे ।



## पैक्स चुनाव : निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जीते

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** शुक्रवार को सम्पन्न प्रखण्ड के कौरुधौरु पैक्स के अध्यक्ष पद के चुनाव में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मिथिलेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह को 473 वोटों से हराकर लगातार चौथी बार बम्पर जीत दर्ज की। शुक्रवार की शाम सात बजे तक चले मतदान के बाद मतगणना रात भर चली और समर्थक कड़ाके की ठंड को ठेंगा दिखाकर पूरी रात प्रखण्ड मुख्यालय पर जमे रहे। शनिवार को सुबह छह बजे तक चली मतगणना की समाप्ति के बाद बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी रंजीत सिंह ने श्री सिंह को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। सम्पन्न चुनाव में विजेता निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह को कुल 889 मत तथा उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मिथिलेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह को 313 मत मिले। सम्पन्न चुनाव में श्री सिंह द्वारा प्रस्तावित सदस्य पद के सभी प्रत्यासी भी चुनाव जीतने में सफल रहे। जीत का प्रमाण पत्र मिलने के बाद उत्साहित कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ जिंदाबाद का नारा लगाया तथा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बजरंगबली की पूजा अर्चना करने के बाद श्री सिंह को फूलमाला पहनाकर गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में उन्हें उनके घर धनी छपरा तक ले गए। चुनाव में जीत से उत्साहित श्री सिंह ने कहा कि पैक्स से जुड़े मतदाताओं तथा किसानों के सम्मान एवम स्वाभिमान के संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाने के साथ साथ उन्हें सभी सरकारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का वे हरसम्भव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त चुनाव में उनके खिलाफ कौरु धौरु पँचायत के वर्तमान मुखियापति के साथ साथ दो दो भूतपूर्व मुखिया एवम वर्तमान तथा भूतपूर्व सरपँच ने भी जबरदस्त तरीके से षड्यंत्र किया। यहाँ तक कि उक्त जन प्रतिनिधियों ने येन केन प्रकारेण कौरुधौरु पैक्स का चुनाव स्थगित कराकर उनको हतोत्साहित करने तक का भी प्रयास किया। इसके बावजूद पँचायत क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके समर्थन में जबरदस्त तरीके से मतदान करके उन सभी विरोधियों को बेनकाब कर दिया।शुक्रवार को सम्पन्न पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव में जबरदस्त तरीके से जीत दर्ज कराने वाले माँझी के धनी छपरा निवासी बीरेन्द्र कुमार सिंह के पिता स्व भुवनेश्वर सिंह एकीकृत कौरुधौरु पँचायत के सरपँच पद पर 1972 से लगातार दो बार चुनाव जीतने में सफल रहे थे। तथा सरपँच पद पर आसीन रहते ही वर्ष 1987 में उनका निधन हो गया था।

**सोनपुर केपुराना गंडक पुल रहा जाम, यात्री रहे परेशान:** **दैनिक खोज खबर,/सोनपुर।** सोनपुर-हाजीपुर के बीच गंडक नदी पर बने पुराना गंडक पुल पर गाड़ियों केलंबी कतार लग जाने केकारण काफी देर तक शनिवार को जाम लगा रहा। वाहनों के काफी अधिक दबाव के कारण सुबह से लेकर शाम तक के रह-रहकर जाम लग जा रहा था.हाजीपुर पढ़ने वाले या जरूरत कार्य केजाने वाले यात्री को काफी परेशानी हुई ।वही हाजीपुर से सोनपुर की ओर घर वाले लोग भी परेशान रहे। दोनों तरफ से लौटने वालो की काफी भीड़ दिखी ।

# सांसद रूडी के प्रयासों से उपलब्धि : अमनौर में नया पावर ग्रिड बनने का रास्ता साफ

## अमनौर अंचल के मौजा अरना में 30 एकड़ भूमि पर 400/220/132 खड्ढक्र्ह ग्रिड उपकेंद्र बनेगा

*बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को ?6,00,75,000/- में भूमि हस्तांतरित।*

*श्री रूडी ने पिछले 5 वर्ष से संबंधित विभागों और अधिकारियों से संवाद कर परियोजना को मंजूरी दिलाई।*

*ग्रिड से बिजली आपूर्ति की स्थिरता और गुणवत्ता में सुधार।*



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता मिली है। स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के सतत प्रयासों से अमनौर अंचल के मौजा अरना में 400/220/132 खठ्ठक्क्ह ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बिहार सरकार ने इस परियोजना के लिए मौजा अरना की 30 एकड़ भूमि को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को ?6,00,75,000/- (छह करोड़ पचहत्तर हजार रुपये) के भुगतान पर सशुल्क स्थायी हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि में सलामी और पूंजीकृत मूल्य शामिल हैं। शुक्रवार को बिहार सरकार ने कैबिनेट बैठक में इसकी मंजूरी दी है।

सारण जिले में बिजली खपत को 280 मेगावॉट से बढ़ाकर 500 मेगावॉट तक के लिए तैयार किया जा रहा है। यह पहल सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जो आने वाली पीढ़ियों और औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना ला रहे हैं। सांसद रूडी के पांच वर्षों के प्रयास से शुरू हुई यह परियोजना क्षेत्र को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएगी। सारण, बिहार का अग्रणी जिला, न केवल सबसे अधिक बिजली खपत करता है बल्कि उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल भुगतान और पीएसएस एवं ट्रांसफार्मर की उपलब्धता में भी अग्रणी है। इससे जनता का सांसद पर विश्वास और मजबूत हुआ है। इस योजना को साकार करने के लिए सांसद श्री रुडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा और ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया है। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए पिछले 5 वर्ष से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ऊर्जा विभाग और बिहार सरकार के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद और बैठकें कीं। उन्होंने मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर इस परियोजना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। अंततः उनके प्रयास सफल रहे और यह स्वीकृति प्राप्त हुई।इस संदर्भ में सांसद श्री रूडी ने कहा कि यह परियोजना सारण के विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण से बिजली आपूर्ति की स्थिरता और गुणवत्ता में सुधार होगा। यह न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि किसानों और उद्योगों के लिए भी लाभकारी साबित होगा। सांसद ने इस पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' के दृष्टिकोण को साकार करने का एक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से सारण जिले में बिजली की समस्या दूर होगी, साथ ही रोजगार और विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने राज्य सरकार और संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि यह पहल सारण को विकास और प्रगति की नई दिशा में आगे ले जाएगी।

## विद्यालय से घर लौट रहे बाइक सवार दो शिक्षकों की सड़क दुर्घटना में मौत



**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर।** छपरा-सीवान मुख्य मार्ग (एनएच 531) पर दाउदपुर ग्रामीण बैंक के समीप ट्रक और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर में बाइक सवार दो शिक्षकों की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार की शाम करीब छह बजे की बताई जाती है। मृतकों में जलालपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी रमेश तिवारी के 35 वर्षीय पुत्र राणा तिवारी व दूसरा विक्रांत प्रियदर्शी शिक्षक शामिल हैं, जिनका घर छपरा बताया जाता है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दाउदपुर थाना पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर ट्रक को जब्त कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना उस समय की बताई जाती है जब बाइक सवार दोनों शिक्षक एकमा अंचल के गंजपर मिडिल स्कूल तथा कोहड़गढ स्कूल से ड्यूटी कर एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। तभी छपरा सीवान-मुख्य मार्ग पर दाउदपुर ग्रामीण बैंक के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिसमें दोनों शिक्षकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते हीं दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश अपने दल बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गए। उसके बाद दोनों को उठाकर एकमा पीएचसी में भेजा जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक राणा तिवारी की साल भर पहले शादी हुई है। वह बहुत ही कुशल व्यवहार के शिक्षक थे। घटना की खबर मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। वही शिक्षक नेता दिनेश कुमार सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की।

## भाजपा के नए जिला अध्यक्ष चुने जाने पूर्व मंत्री ने दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भाजपा के वरीय नेता व पूर्व मंत्री डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने भाजपा संगठन जिला छपरा और बनियापुर के नए जिला अध्यक्ष चुने जाने पर रंजीत सिंह और बृजमोहन सिंह को बधाई दी। डॉ सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचाने का कार्य करता है। यहां एक सामान्य कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकता है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इसका उदाहरण हैं। पार्टी का हर कार्यकर्ता हनुमान की तरह काम करते हैं।कोई भी राजनीतिक दल नहीं है, जिसमे हर तीन साल में संगठन का चुनाव होता हो । भाजपा की संगठन संरचना बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होती है। डॉ सिंह ने आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल जी के प्रबंधन और उनके कुशल नेतृत्व में संगठन मजबूत हुआ है। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता कभी भी प्रदेश अध्यक्ष से सीधे मुलाकात कर अपनी बात कह सकता है । उनके नेतृत्व में पार्टी में नए कार्यकर्ता जुड़े हैं और पुराने कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ा है। डॉ सिंह ने आगे कहा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना है और और हमरा देश एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर कर सामने आया हैं । वहीं, बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बिहार में चहुंमुखी विकास कर रही है ।जिससे प्रदेश की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## संकट मोचन मंदिर,सबलपुर सोनपुर में मनाया गया श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर सोनपुर के संकट मोचन मंदिर, सबलपुर में वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। इस वार्षिकोत्स्व के मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की पुनर्स्थापना एक युगांतरकारी घटना है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधान परिषद जीवन कुमार ने कहा की ये बहुत गौरव का विषय है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए धर्म जागरण समन्वय के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार सिंह ने राम जन्मभूमि संघर्ष आंदोलन के दौरान अपने अनुभवों को बताया और कहा कि राम जन्मभूमि में मंदिर की स्थापना सैकड़ों वर्षों में लाखों लोगों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का प्रतिफल है।कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए प्रसिद्ध लेखक मिथिलेश सिंह ने संकट मोचन मंदिर में चल रहे प्रकल्पों एवं सेवा कार्यों का विस्तृत वर्णन किया।कार्यक्रम में श्री भारती वेद-विद्या गुरुकुलम के आचार्य रौशन पाण्डे के नेतृत्व में बच्चों ने स्वस्तिवाचन कर दीप प्रज्वलन कराया, हरिपुर के बच्चों ने कार्यक्रम के प्रारंभ में गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। कुन्दन सिंह क्रांति और करनजीत साँवरिया ने श्री राम आधारित कविता से सभी को आकर्षित किया वहीं प्रितांशु घटक, शुभम कुमार, अनिकेत कुमार ने गाना के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया। प्रशिद्ध कथक नृत्यांगना एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कुमारी अनिशा ने आदि पुरुष राम गाने पर अपना भाव नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ.आशुतोष कुमार ने किया।जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, रंजन सिंह, साध्वी लक्ष्मी माता, बिनोद सिंह सम्राट, जितेन्द्र नीरज, कृष्ण कुमार मिश्र, लाल बाबू कुशवाहा, उपेन्द्र सिंह, डॉ.अजीत कुमार सिंह, विजय सिंह लल्ला, राकेश कुमार सिंह, यशवंत कुमार, मनीष कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अयोध्या में राम मंदिर के स्थापना दिवस पर मशरक में कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के प्रथम स्थापना दिवस पर मशरक के अलग-अलग जगहों के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना परिसर अवस्थित राम-जानकी शिव मंदिर परिसर में भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर महंथ टुन्ना बाबा, चन्द्रमा सिंह, विक्रमा सिंह,गोलू कुमार सिंह,ओम प्रकाश सिंह,चकरी बाबा,समीर सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। वहीं युवा नेता युवराज सुधीर सिंह ने मंदिर परिसर में पहुंच पूजा-अर्चना की। वहीं डाक-बंगला चौंक अवस्थित दुर्गा मंदिर, मुन्नी मोड़ पर राम जानकी मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम में सुबह में पूजा-अर्चना कर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर हवन-पूजन आदि कार्यक्रम आयोजित। मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## मशरक के युवक का शव केसरिया में गंडक नदी से बरामद, परिजनों में छाया मातम


फाइल फोटो

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के एकावना गांव के युवक की पूर्वी चम्पारण के केसरिया थाना क्षेत्र के सतरघाट पुल के पास गंडक नदी से शव बरामद किया गया। वहीं शव की पुलिस के द्वारा पहचान की कोशिश में असफल रहने पर दाह संस्कार कर दिया गया वहीं अनुसंधान के क्रम में कड़ी मशक्कत के बाद पहचान मशरक थाना क्षेत्र के एकावना गांव निवासी स्व दुधनाथ सिंह का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि वह बीते 26 दिसम्बर 2024 से लापता था जिसकी खोजबीन की जा रही थी कि केसरिया और मशरक थाना के द्वारा उन्हें सूचना दी गई तो सभी के द्वारा थाना परिसर और घटनास्थल पर पहुंचा गया। मृतक तीन भाईयों और दो बहनों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने बताया कि शव गंडक नदी से बरामद किया गया जिसके सर पर धारदार हथियार से हमला कर किया गया था वहीं शरीर पर कई जगह चोट के निशान थें।

## भेल्दी में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंदा, मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के अदमापुर गांव में पक्की सड़क पर सीमेंट से लदे एक ट्रैक्टर ने साइकिल सवार एक वृद्ध को रौंद दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।मृतक रामायण राय(75) मढ़ौरा थाने के पोझी कपूर गांव का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार मढ़ौरा थाने के पोझी कपूर गांव के रामायण राय अपने घर से साइकिल से बांसडीह बाजार पर चोकर खरीदने के लिए जा रहे थे तभी सीमेंट लदे तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ने सामने से रौंद दिया जिससे वृद्ध की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।वृद्ध को रौंदने के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।वृद्ध के सर पूरी तरह से कुचल जाने के कारण करीब एक घंटे के बाद परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त की जा सकी।घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण जुट गए और घटना की जानकारी भेल्दी पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।अपने मृत पति का शव देखते ही पत्नी रामजोति देवी मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती दहाड़ मारकर रोने लगती।बेटी गीता देवी,अनिता देवी के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।इस घटना से पोझी कपूर गांव के लोग गम में डूबे हुए हैं।

## अरना फार्म में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलवाने को ले डीएम को आवेदन

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी पूनम राय ने सारण के जिलाधिकारी से मिलकर अमनौर प्रखंड के अरना कोठी की जमीन मे बन रहे प्राणघातक कचरा प्लांट को अविलंब बन्द कर उसी स्थान पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलवाने की मांग के अनुरूप पुनः पहल करने की मांग की है।सारण डीएम को दिए अपने आवेदन मे पूनम राय ने बताया कि अमनौर प्रखंड के अरना कोठी मे बन रहे प्राणघातक कचरा प्लांट से फैल रहे दुर्गन्ध से आस पास के कई पंचायतो के कई गांवों के लोंगो का सांस लेना कठिन हो गया है।कई जानलेवा बीमारियों को जन्म दे रहा है, जनता मे तीव्र विरोध है,जिसकी अनदेखी नही की जा सकती। इस कचरा प्लांट को अविलंब बन्द कर वहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलवाने का नये सिरे से पहल किया जाए ,जिसकी वो लंबी लड़ाई लड़ती आयी है।अमनौर प्रखंड स्थित अरना कोठी की जमीन पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलवाने के लिए बिहार के 28 माननीय लोकसभा सदस्यो ने संयुक्त रूप हस्ताक्षरयुक आवेदन माननीय प्रधानमंत्री जी को भेजा था। डीएम साहब ने पूनम राय की बातो बड़े ही ध्यान से सुना और तुरंत नगर आयुक्त को रिमार्क दिया, और केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु विशेष पहल करने का आश्वासन दिया।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में भुईली गांव की उषा देवी, भरहोपुर गांव के रोतिक कुमार दूबे, राहुल साह, मधुबन गांव के चंदन राय व दीपक राय शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचा कर कराया गया। बताया जाता है कि इस संबंध में घायलों के द्वारा एकमा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## एक सप्ताह से गायब वृद्धा का शव तालाब से बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरिहांस स्थित कुड़ाहा तालाब में डूबने से एक वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान हरिहांस निवासी रामचंद्र यादव की 60 वर्षीया पत्नी पन्ना देवी के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने बताया कि पन्ना देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कुछ दिनों से घर से लापता थी। स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार की सुबह ग्रामीण किसी काम से तालाब की ओर गए थे, तभी पानी में उपलाता हुआ एक वृद्धा का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर अंजोर अकेला दलबल के साथ पहुंचे तथा शव को तालाब से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने शव की पहचान हरिहांस निवासी रामचंद्र यादव की 60 वर्षीय पन्ना देवी के रूप में की। ग्रामीणों ने घटना सूचना मृतका के स्वजन को दी। स्वजन घटनास्थल पहुंच शव की पहचान किए। वहीं स्वजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को स्वजनो को सौंप दिया।

## औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से गायब मिले प्रभारी, एसपी ने की कार्रवाई

**परवेज अख्तर/ सीवान।** शुक्रवार की देर रात औचक निरीक्षण के दौरान एसपी अमितेश कुमार ने गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के अफराद के टीओपी प्रभारी राजकुमार सिंह एवं हवलदार अर्जुन ओझा को सस्पेंड कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात एसपी गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के आसपास के इलाकों में घूम रहे थे। जहां गोरेयाकोठी थाना के टीओपी अफराद के समीप एसपी पहुंचे। जहां ड्यूटी से टीओपी प्रभारी और हवलदार दोनों गए थे। ड्यूटी से गायब के मामले में दोनों पर कार्रवाई हुई और एसपी ने दोनों को सस्पेंड कर दिया। इस मामले में एसपी से संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## सांसद प्रतिनिधि ने नव निर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्षों को दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** संगठन पर्व के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय पर छपरा पूर्वी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह व छपरा पश्चिमी के जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह के रूप में निर्वाचित किए जानें के अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने दोनों अध्यक्ष को अंग वस्त्र और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर बिहार सरकार मंत्री जनक राम, पूर्व मंत्री महाचंद्र सिंह, विधयाक डॉ सीएन गुप्ता विधयाक जनक सिंह, प्रदेश मंत्री संतोष रंजन एमएलसी सचितानंद राय पूर्व विधयाक विनय सिंह, ज्ञानचंद मांझी महामंत्री विवेक सिंह, उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा, परसा विधानसभा पांच मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, रामानंद सिंह, भूलन जी, अजय नाथ पूरी, मिथलेश मांझी समेत अन्य भी उपस्थित रहे इस अवसर पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी दोनों अध्यक्ष से बात कर बधाई दिया।

## स्कूली नेशनल स्कूली हैंडबॉल में बिहार टीम में सारण के 6 खिलाड़ी तेलंगाना पहुंचे



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** तेलंगाना के महबूब नगर में आयोजित 68 वी स्कूली नेशनल हैंडबॉल बालक , बालिका अंडर 17 आयु वर्ग में बिहार टीम में सारण के 6 खिलाड़ी शामिल है। वहीं बिहार टीम के मैनेजर सारण के राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के शिक्षक संजय कुमार सिंह बनाए गए है। 35 सदस्यीय बिहार टीम तेलंगाना के महबूब नगर पहुंच अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे है। बिहार टीम में सारण से राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के छात्र शिवम कुमार सिंह , गणेश कुमार सिंह जबकि बालिका वर्ग में कल्पना कुमारी वही संत जलेश्वर एकेडमी लौवा बनियापुर की रागिनी कुमारी , टी कुमारी एवं अभिषेक कुमार शामिल है। बिहार बालक टीम के प्रशिक्षक अमित जयसवाल एकलव्य , बालिका वर्ग राधा कुमारी सीवान है । टीम के बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना खेल प्रेमियों ने दी ।

# जिले के मैरवा और बसंतपुर में एमएमडीपी कीट का हुआ वितरण

## फाइलेरिया के लक्षण मिलने पर जरूर कराएं जांच, शुरुआती दौर में बीमारी की पहचान से इलाज संभवः डॉ ओपी लाल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** फाइलेरिया (लिम्फेटिक फाइलेरियासिस) एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से लोग दिव्यांग बन सकते हैं। उक्त बातें मैरवा रेफरल अस्पताल परिसर में रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम (एमएमडीपी) कीट का वितरण के दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने कही। आगे उन्होंने कहा कि फाइलेरिया जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से रुग्णता एमएमडीपी कीट को अनिवार्य रूप से वितरण करना आवश्यक होता है। रेफरल अस्पताल मैरवा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि प्रकाश और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन के देखरेख में किया गया। ताकि फाइलेरिया के मरीज इसका सदुपयोग कर सके। क्योंकि फाइलेरिया ग्रसित अंगों मुख्यतः पैर या फिर प्रभावित अंगों से धीरे - धीरे पानी रिसता है। उस परिस्थिति में प्रभावित अंगों की साफ सफाई बेहद आवश्यक होता है। क्योंकि नियमित रूप से साफ-सफाई रखने मात्र से संक्रमण का डर नहीं रहता है। प्रभावित अंगों में सूजन की शिकायत कम रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने से प्रभावित अंग खराब होने लगते हैं। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी जा रही है। सबसे अहम बात यह है कि फाइलेरिया के लक्षण मिलने पर तत्काल जांच कराना चाहिए। ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके।पीरामल स्वास्थ्य के संचारी विभाग के कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। लेकिन संक्रमण के लक्षण 05 से 15 वर्ष में उभरकर सामने आता हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आने की संभावना रहती हैं। हालांकि महिलाओं के स्तन के आकार में भी परिवर्तन हो सकता है। फाइलेरिया जैसी बीमारी का अभी तक कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है। लेकिन शुरुआती दौर में रोग की पहचान होने की स्थिति में इसे रोका जा सकता है। संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की साफ सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन ने कहा कि स्थानीय प्रखंड में फाइलेरिया के 305 रोगियों की पहचान हुई है। जिसमें हाथीपांव के 272 जबकि हाइड्रोसिल के 33 शामिल हैं। जिसमें 08 हाथीपांव के रोगियों को एमएमडीपी कीट का वितरण किया गया है। जिस दौरान फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी का प्रशिक्षण भी दिया गया। ताकि उसका उचित सदुपयोग में लाया जा सके। मरीजों को फाइलेरिया के प्रति




जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया। मरीजों को बताया गया कि एमएमडीपी किट के नियमित इस्तेमाल से मरीज हाथीपांव की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं। लेकिन इसके लिए मरीजों को स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। तभी जाकर उन्हें हाथीपांव से राहत मिलेगी। इस अवसर पर बीएचएम सफराज अहमद, वीबीडीएस आरती कुमारी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# स्कार्पियो सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवक का अपहरण का किया असफल प्रयास

**परवेज अख्तर/सीवान।गुठनी** थाना क्षेत्र के गुठनी- मैरवा मुख्य मार्ग पर टेकनिया कुट्टी के समीप शुक्रवार की देर शाम स्कार्पियो सवार बदमाशों ने फायरिंग कर एक बाइक सवार युवक का अपहरण कर लिया गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी गई। अपने को घिरते देख बदमाशों ने बौना चट्टी के समीप युवक को छोड़कर फरार हो गए। घटना शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है।बताया जाता है कि बेलौर निवासी रवींद्र यादव का पुत्र दीपक शुक्रवार को अपनी बाइक से मैरवा जा रहा था। उसी क्रम में टेकनिया कुट्टी के समीप स्कार्पियो में सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया और हथियार से फायरिंग करने लगे। गोली चलते ही दीपक बाइक के साथ सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। उसके बाद बदमाशों ने उसे पिस्टल का भय दिखाकर स्कार्पियो में बैठा लेकर भागने लगे। इस दौरान युवक के साथ एक अन्य बाइक से आगे आगे जा रहे दो अन्य युवकों ने डायल 112 और गुठनी थाना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह मौके पर पहुंच स्थिति की जानकारी ली तथा पड़ोसी थानों को सूचित किया और इसकी जानकारी एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह चौहान को दिया। एसडीपीओ के निर्देशन में मैरवा, गुठनी और दरौली पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी शुरू कर दी। अपने को घिरते देख बदमाश दीपक को बौना चट्टी के समीप छोड़कर फरार हो गए। पुलिस बौना चट्टी पर पहुंच युवक को बरामद कर थाना लाई और उसके स्वजनों को सुपुर्द कर दिया।

# पुलिस सभा में एसपी ने समस्याओं के निराकरण का दिया आदेश



**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस लाइन में शनिवार को एसपी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस सभा में पुलिस कर्मियों द्वारा एसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़ी समस्याओं को रखा गया। एसपी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस केंद्र में नियमित रूप से आयोजित शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। उसमें पुलिस कर्मियों की समस्या से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया। उन्होंने उनके समक्ष रखी गई सभी समस्याओं के निराकरण के आदेश दे दिए हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**परवेज अख्तर/सीवान।** दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर स्थित सरयू नदी किनारे शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक शव मिलने सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर निवासी घनश्याम राजभर के पुत्र राकेश राजभर (22) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि शनिवार को ग्रामीण नदी किनारे टहलने गए थे। तभी सरयू नदी किनारे रेत पर अचेतावस्था में एक युवक का दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उसकी पहचान घनश्याम राजभर के पुत्र राकेश राजभर के रूप में की। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृतक के स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही स्वजन भी पहुंच गए तथा युवक को उपचार के लिए गुठनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गुठनी थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, दरौली थानाध्यक्ष रौशन कुमार, एसआइ गणेश चौहान, एसआइ ललन कुमार, एसआइ अनोज कुमार, एसआइ अमितोश कुमार ने घटना की जानकारी ली। स्वजनों ने बताया कि राकेश राजभर शनिवार की सुबह शौच करने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन कुछ ही देर के बाद ग्रामीणों द्वारा उसे नदी किनारे अचेतावस्था में गिरे रहने की सूचना मिली। थानाध्यक्ष रौशन कुमार का कहना है कि पुलिस उसके भाई के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# अहिबरन के जन्म दिवस पर समरस समाज निर्माण का संकल्प

**मैरवा(सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय में मझौली रोड स्थित एक मैरेज हाल में शनिवार को बर्णवाल जाति के आदि महापुरुष महाराजा अहिबरन का जन्म दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और महाराजा अहिबरन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बर्णवाल सेवा समिति द्वारा आयोजित जन्म दिवस समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समिति के मैरवा अध्यक्ष जयचंद प्रसाद ने कहा कि महाराजा अहिबरन के बताए रास्ते पर चलकर ही हम सभी जीवन में सफल हो सकते हैं। हम सभी को उनके त्याग और तरक्की के मार्ग को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। महाराजा ने समाज की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संदेश दिया है। समारोह में भारतवर्षीय बर्णवाल सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण बर्णवाल, समिति के बिहार प्रदेश मंत्री और भाजपा आयुष प्रभाग के कार्य समिति सदस्य डा.मानिकचंद्र बर्णवाल, सिवान बर्णवाल सेवा समिति के उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बर्णवाल, मैरवा अध्यक्ष जयचंद प्रसाद ,मंत्री प्रभु बर्णवाल, सुमंत बर्णवाल, मुकुल कुमार बर्णवाल, नंदजी बर्णवाल, मोहन बर्णवाल, कुंदन बर्णवाल, रघुवर बर्णवाल, सावित्री देवी, सरिता बर्णवाल, शोभिता बर्णवाल समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## सीवान: 16 को तीन घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिवान ग्रिड से जुड़े सभी उपभोक्ताओं को 16 जनवरी को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली बंद रहने के दौरान विंटर मेंटनेंस का कार्य किया जाएगा। सिवान पावर ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता शशांक भूषण ने बताया कि 16 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। इस दौरान विंटर मेंटेनेंस के तहत पावर ग्रिड और उससे जुड़े सभी 33 केवी लाइनों का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली ग्रिड के सभी ट्रांसफार्मर बंद रहेंगे, जिस कारण किसी भी क्षेत्र में बिजली की सप्लाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने बताया कि घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के चलते परेशानी हो सकती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली बंद रहने के दौरान वैकल्पिक बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने की अपील की है। उन्होंने बिजली कटौती के दौरान आवश्यक सेवाओं के संचालन के लिए सावधानी बरतने का भी सुझाव दिया। बताया कि मेंटेनेंस के तहत ट्रांसफार्मर, पावर लाइनों व ग्रिड से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगा।

## विद्यालय में दिया गया नशामुक्ति का संदेश

**सिवान।** महाराजगंज प्रखंड के सिकटिया स्थित प्रैक्टिकल उच्च विद्यालय में शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके शोभा ने कहा कि ज्यादातर लोग कम उम्र में ही नशे का सेवन शुरू कर देते हैं, क्योंकि उन्हें प्यार कम मिलता है, इसलिए स्वयं से प्यार करना सीखें। प्रतिदिन सुबह अपनी हौसला आफजाई करें। ऐसा महसूस करें कि मुझे परमात्मा ने विशेष कार्य के लिए चुना है। स्वयं भगवान मेरा साथी है। ऐसा समझने से सदा आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। सदा इस नशे में रहें कि मैं ईश्वर की संतान हूं। तो किसी भी प्रकार के बुरे नशे से बचे रहेंगे। यह आदत समाज के उत्थान में एक अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के कई गांवों और मोहल्ले में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर बीके निप्पू बहन, बीके जितेंद्र कुमार,राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## 16 भूमिहीनों के बीच भूमि पर्चा का वितरण

**दारौंदा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, सीओ पूनम दीक्षित एवं प्रमुख गुड़िया सिंह द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के भूमिहीन 16 लाभार्थियों के बीच पर्चा का वितरण किया गया। भूमिहीन लाभार्थी जलालपुर पंचायत की पूजा देवी, कांति देवी, अनीता देवी, बुचिया देवी, पांडेयपुर की गुलाबी देवी, गुलजार देवी, अतवारी देवी, कौथुआ सारंगपुर पंचायत की संतरा खातून, सिरसांव की समीना खातून, नैन तारा बेगम, बालबंगरा पंचायत की त्रिभुवन पटेल, कोड़ारी कला पंचायत की रश्मि देवी, कुरैसा खातून, साहिबुन निशा, रामगढ़ा पंचायत की आरती देवी, शेरही पंचायत की रीता देवी को भूमि का पर्चा दिया गया। वितरण समारोह में उमेश सिंह, अंचल नाजिर अमित कुमार, राजस्व कर्मचारी अमरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न मुद्दे पर हुई चर्चा

**आंदर (सिवान):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.दीपक कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में नियमित टीकाकरण, संस्तागत प्रसव, परिवार नियोजन, गैर संचारी रोग, पोर्टल से संबंधित कार्य समेत आदि पर चर्चा की गई। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर लक्षित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अरविंद कुमार राय, संजय शंशाक, मधुरेंद्र कुमार, तवरेज, रामबिहारी, रियाजुउदीन, अभिषेक कुमार,प्रीतम कुमार, अभिलाषा, सुमन समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## नमाज पढ़ने गए वृद्ध का सात दिन बाद मिला शव

**परवेज अख्तर/सीवान।** पचरुखी थाना क्षेत्र के चीनी मिल के चंवर से शनिवार को एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजन कोसौंप दिया। मृतक की पहचान पचरुखी के साह तकिया निवासी इम्मामुद्दीन मियां के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि पांच जनवरी की सुबह पांच बजे नमाज पढ़ने के लिए घर से निकल गए। वह मानसिक रूप से बीमार थे। इस कारण सुबह के समय रास्ता भटक गए थे। काफी खोजबीन की गई लेकिन कही से कुछ जानकारी नहीं हुई। शनिवार की सुबह एक बच्ची ने सूचना दी कि चीनी मिल के अंदर एक वृद्ध का शव है। मामले में पचरूखी थाना के पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह में शव मिला था ठंडा से मौत हुई है।

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से प्राप्त मशीन की चोरी

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के रामपुर दीगर निवासी रंजीत पांडेय ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत प्राप्त मशीन की चोरी की प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि उनकी पत्नी नेहा के नाम से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत रेडिमेड गारमेंट्स के कार्य के लिए नेहा इंटरप्राइज के नाम से चयनित हुआ था। योजना के तहत सभी प्रकार का मशीन अरुआ गांव स्थित प्रतिष्ठान में स्थापित किया था जिसकी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**सिवान :** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न चौक-चौराहों पर शनिवार को एसपी अमितेश कुमार के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बाइक चालक पुलिस से बचने के लिए किसी तरह बच कर भागते हुए देखे गए। अभियान शहर के पी देवी मोड़, बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पचरुखी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ सहित अन्य जगहों पर विशेष रूप से चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों के कागजात, चालकों के हेलमेट, डिक्की की जांच हुई। वाहन चालकों से यातायात नियम पालन करने की अपील की गई।

## मंडल कारा में सजावार एवं विचाराधीन बंदी लेंगे कंप्यूटर की ट्रेनिंग

**सिवान:** मंडल कारा में बंद सजावार एवं विचाराधीन बंदी कंप्यूटर का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेंगे। इसको लेकर गृह विभाग के कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय कंप्यूटर सेट, यूपीएस एवं कंप्यूटर टेबल की व्यवस्था करेगा। कारा में पांच कंप्यूटर सेट मिलेगा। इसके तहत बंदियों का बैच बनाकर उनमें कंप्यूटर की व्यावहारिक समझ विकसित की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार कंप्यूटर रखने के लिए 13 हजार रुपये प्रति की दर से टेबल खरीदी जाएगी। कारा में कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए रुपया का आवंटन कर दिया गया है। मंडल काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि कारा में संसीमित सजावार एवं विचाराधीन बंदियों को राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइईएलआइटी) के माध्यम से कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किए जाना है। इसके लिए वैसे सजावार व विचाराधीन बंदी जो कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक है एवं योग्य है उनकी सूची बनाई जा रही है।

## अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना की पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में खैरवां निवासी कुर्की वारंटी लाल बहादुर राय एवं तरवार टोले खरीवट निवासी लाल बहादुर महतो तथा मारपीट मामले में महम्मदपुर निवासी विश्वनाथ साह एवं गोलू कुमार शामिल हैं। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया गया।

